भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 1234

दिनांक 09 फरवरी 2024 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना

1234: श्रीमती जसकौर मीना:

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना की प्रमुख विशेषताएं क्या हैं;

(ख) राजस्थान में इस योजना के अंतर्गत अब तक संस्वीकृत, आवंटित और उपयोग की गई धनराशि का ब्यौरा क्या है;

(ग) इस संबंध में निर्धारित लक्ष्य का ब्यौरा क्या है;

(घ) राजस्थान में इस योजना के अंतर्गत स्थापित किए जा रहे एम्स जैसे नए सुपर स्पेशियलिटी अस्पतालों की संख्या और वर्तमान स्थिति क्या है;

(ङ) क्या सरकार का देश भर में इस योजना के अंतर्गत नसिंग पेशेवरों की संख्या में वृद्धि करने का विचार है; और

(च) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण राज्य मंत्री (डॉ भारती प्रविण पवार)

(क) से (च): प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) का उद्देश्य देश में वहनीय विशिष्ट स्वास्थ्य परिचर्या सेवाओं की उपलब्धता में क्षेत्रीय असंतुलनों को ठीक करना और गुणवत्तायुक्त चिकित्सा शिक्षा हेतु सुविधाओं को बढ़ाना है। इस योजना के दो घटक हैं, अर्थात्, (i) अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) की स्थापना; और (ii) मौजूदा सरकारी मेडिकल कॉलेजों/संस्थानों (जीएमसीआई) का उन्नयन। पीएमएसएसवाई के तहत जीएमसीआई के उन्नयन में मोटे तौर पर सुपर स्पेशियलिटी ब्लॉक (एसएसबी) और/या ट्रॉमा सेंटर/या अन्य सुविधाओं और/या चिकित्सा उपकरणों की खरीद शामिल है। इस स्कीम के अंतर्गत विभिन्न चरणों में अब तक 22 नए एम्स की स्थापना और जीएमसीआई के उन्नयन की 75 परियोजनाएं अनुमोदित की गई हैं।

एम्स, जोधपुर को पीएमएसएसवाई के तहत 820.00 करोड़ रुपये की परियोजना लागत पर स्थापित किया गया है और संस्थान 2012 से कार्यशील है। चालू वित्तीय वर्ष के दौरान एम्स, जोधपुर को सहायता अनुदान के रूप में 868.00 करोड़ रुपए की राशि जारी की गई है।

इसके अतिरिक्त, इस योजना के अंतर्गत राजस्थान में सरकारी मेडिकल कॉलेजों (जीएमसी) के उन्नयन के लिए चार परियोजनाएं अनुमोदित की गई थीं। उनकी स्थिति इस प्रकार है:

क्र.सं.	जीएमसी का नाम	अनुमोदित परिव्यय (करोड़ रुपये में)			केंद्रीय निधि जारी की गई (करोड़ रुपए में)	जारी की गई राज्य की निधि (करोड़ रुपए में)	स्थिति
		केंद्रीय हिस्सा	राज्य/संस्थान का हिस्सा	कुल			
1	एसपी मेडिकल कॉलेज, बीकानेर	120	30	150	108.81	25.00	पूरा किया गया
2	आरएनटी मेडिकल कॉलेज, उदयपुर	120	39	159	102.13	22.65	पूरा किया गया
3	गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, कोटा	120	30	150	99.83	30.00	पूरा किया गया
4	गवर्नमेंट मेडिकल कॉलेज, जयपुर	120	80	200	99.26	70	पूरा किया गया

प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना (पीएमएसएसवाई) के अनुसार, पदों के सृजन और मानव संसाधनों की भर्ती सहित उन्नत सुविधाओं को चलाने, उनका प्रचालन और अनुरक्षण करने की जिम्मेदारी राज्य सरकार की है।

*****